卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्॥
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये॥

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 62 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦9 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## निवेश का हब बनेगा उत्तराखण्ड:शाह

देहरादून(उद संवाददाता)।ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री अमित शाह सम्मलेन में पहुंचे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहाड़ी टोपी और शॉल पहनाकर अमित शाह का स्वागत किया। सम्मेलन में दूसरे दिन पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन, अवस्थापना विकास, वन एवं संबंधित सेक्टर, स्टार्टअप, आयुष एवं वेलनेस, सहकारिता एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की गयी। बता दें वैश्विक निवेशक सम्मेलन का शुभारंभ शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। उन्होंने कहा निवेशकों से उत्तराखण्ड में निवेश का आहवान किया साथ ही मेक इन इंडिया की तर्ज पर वेड इन इंडिया बनाने का आहवान भी किया।



सम्मेलन में दूसरे समापन समारोह में केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने शिरकत की। सम्मेलन में पहुंचने पर सीएम धामी ने उनका स्वागत किया और उत्तराखण्ड की टोपी पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री शाह ने भी निवेशकों से उत्तराखण्ड में खुलकर निवेश करने का आहवान किया। उन्होनें कहा कि उत्तराखण्ड तमाम संभावनाओं वाला प्रदेश है। उद्यमियों के लिए बुनियादी सुविधाओं का यहां विकास किया जा रहा है। केन्द्र सरकार हर कदम पर उत्तराखण्ड के साथ खड़ी है। प्रधानमंत्री ने उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की जो बात कही है यह सपना निश्चित रूप से साकार होगा। शाह ने सीएम धामी के कामकाज की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि वैश्विक निवेशक सम्मेलन उत्तराखण्ड की (शेष पृष्ठ सात पर)

## भारतीय सेना को मिले 343 युवा सैन्य अफसर

देहरादून (उद संवाददाता) ।भारतीय सैन्य अकादमी से शनिवार को 343 युवा अफसर देश सेवा के लिए सेना की मुख्यधारा में जुड़ गए। इसके साथ ही मित्र राष्ट्रों के 29 कैडेट्स भी पास आउट हुए। पासिंग आउट परेड की सलामी इस बार श्रीलंका



के सीडीएस जनरल डॉ. शिवेंद्र सिल्वा ली। परेड से पहले परिसर में सेना और बाहर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। अकादमी के ऐतिहासिक चेटवुड भवन के सामने ड्रिल स्क्वायर पर सुबह आठ बजे परेड शुरू हुई। परेड(शेष पृष्ठ 7 पर)

## सीएम ने पूर्व कैबिनेट मंत्री गांववासी को दी श्रद्धांजलि

देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहन सिंह रावत गांववासी के निधन से भाजपा में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परिजनों को ढांढस बंधाया। शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा कार्यालय पहुंचकर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह रावत 'गांववासी' के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। सीएम ने कहा कि मोहन सिंह रावत का निधन भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भी गांववासी के निधन पर दुख व्यक्त किया। उनके जाने से पार्टी को अपूर्णीय क्षति हुई है जिससे समस्त



भाजपा परिवार शोक संतप्त है। ईश्वर पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिजनों को इस असीम दुख सहने का सामर्थ्य प्रदान करे। उन्होंने कहा, गांववासी प्रदेश में भाजपा संगठन के प्रमुख आधार स्तंभों रहे हैं। राज्य में कोई ऐसा गांव नहीं है, जहां जाकर उन्होंने पार्टी को मजबूत करने का काम न किया हो। उनके इसी अतुलनीय योगदान के कारण ही उन्हें गांववासी के उपनाम से जाना गया। लिहाजा भाजपा परिवार बेहद दुखी मन से उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करता है।

## स्कूल बस में भड़की आग,बच्चों को किया रेस्क्यू

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शनिवार प्रातः बच्चों को लेकर निजी स्कूल जा रही बस में अज्ञात कारणों के चलते आग भड़क गई। जिससे बस में सवार बच्चों सभी बच्चों को सकुशल बाहर निकाल लिया। मामले की जानकारी मिलते ही स्कूल प्रबंधन, पुलिसकर्मी व दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। आग पर काबू पाकर ड्राइवर ने तत्परता दिखाकर बस को रोका और आसपास स्थानीय लोगों की मदद से सभी बच्चों को सुरक्षित बस से बाहर निकाल लिया गया। इस बीच आग ने





में चीख पुकार शुरू हो गई। बस चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बस को रोका और लोगों की मदद से बस में सवार बच्चों को अन्य वाहन से स्कूल रवाना किया गया। जानकारी के अनुसार प्रातः बच्चों को शैम्फोर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल ले जा रही बस में अचानक मार्ग में ग्राम मोटाहल्दू में आग लग गई। बस में 33 बच्चे सवार थे। बच्चों में चीख पुकार शुरू हो गई। बस में अचानक धुआं देखा भयंकर रूप ले लिया मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी द्वारा आग बुझाया गया। तब तक बस जलकर पूरी तरह राख हो गई, फिलहाल बस में आग कैसे लगी इसके पुष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है हालांकि प्रथम दृष्टि या शार्ट सर्किट आग लगने का (शेष पृष्ठ सात पर)

## चीनी मिल शुरू नहीं होने पर बेहड़ ने दिया धरना

किच्छा(उद संवाददाता)। किच्छा शुगर फैक्ट्री के सुचारू रूप से ना चलने से नाराज क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फैक्ट्री के प्रांगण में धरने पर बैठ गए । इस दौरान मिल प्रशासन और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी। गौरतलब है कि 6 दिसंबर को किच्छा चीनी मिल प्रशासन द्वारा मिल के पराई सत्र का शुभारंभ किया गया था। किंतु कुछ ही देर बाद मिल पूर्ण रूप से बंद हो गई थी । पेराई सत्र को लेकर को लेकर खासा हंगामा भी खड़ा हो गया था जिसके बाद मिल अधिशासी निदेशक ने धरना दे रहे लोगों को शांत करते हुए 8



दिसंबर की रात्रि तक मिल सुचारू रूप से चलाए जाने का लिखित आश्वासन दिया था। विधायक तिलक राज बेहड़ ने 8 तारीख तक मिल ना चलने की स्थिति में 9 तारीख से मिल प्रांगण में धरना देने का ऐलान किया था। शनिवार को बेहड़ ने किच्छा शुगर मिल का निरीक्षण किया पाया कि मिल पूर्ण रूप से बंद पड़ी है तथा गन्ने की पराई नहीं हो पा रही है जिस पर बेहड़ तमाम कार्यकर्ताओं और किसानों के साथ प्रांगण में ही धरने पर बैठ गये। इस दौरान भाजपा सरकार और गन्ना मंत्री के अलावा मिल प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी। विधायक बेहड़ ने कहा कि मिल प्रबंधन द्वारा किसानों के साथ अन्याय किया जा रहा है। किसानों को हो रहे नुकसान की भरपाई मिल प्रशासन को करनी होगी। उन्होंने कहा कि मिल प्रशासन की खामियों के कारण किसान का गेहूं भी नहीं बोया जा रहा (शेष पृष्ठ सात पर)

## चाकू के साथ संदिग्ध दबोचा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास चौकी पुलिस ने गत रात्रि गश्त के दौरान एक व्यक्ति को अवैध चाकू के साथ घूमते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार गश्त के दौरान पुलिस को रविन्द्रनगर में प्राथमिक विद्यालय के पास एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से घूमता दिखाई दिया। शक होने पर पुलिस ने उसे पकड़ कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता मो. आसिफ पुत्र कमरूद्दीन निवासी खेड़ा वार्ड 5 बताया। तलाशी लेने पर उसके पास (शेष पृष्ठ सात पर)

## प्लाट बेचने के नाम पर पांच लाख हड़पे

काशीपुर(उद संवाददाता)। फर्जी दस्तावेजों के सहारे गैर के प्लाट को अपना बताकर सौदा करते हुए पांच लाख रुपए हड़प किए जाने का एक हैरत अंग्रेज मामला प्रकाश में है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ नामजद अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर खड़कपुर देवीपुरा थाना आईटीआई निवासी हितेश कुमार पुत्र मलखान सिंह ने बताया कि वर्ष 2022 की 12 सितंबर को मालवा फॉर्म काशीपुर निवासी परमजीत सिंह उर्फ परमप्रीत सिंह पुत्र गुरमीत सिंह से मां यशोदा देवी के नाम पांच लाख में एक प्लॉट का सौदा किया। इसी वर्ष 12 अक्टूबर को खरीदे गए प्लाट की बाउंड्री के लिए जब वह मौके पर पहुंचा तो पता चला कि उक्त (शेष पृष्ठ सात पर)

### जमीन सौदे के 20 लाख हड़पने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बरेली निवासी व्यक्ति से जमीन सौदे में बयाना दिए बीस लाख रुपए हड़प लेने का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस से रुपए वापस दिलाने की गुहार लगाई है। ग्राम पीर बहोड़ा, इज्जतनगर बरेली निवासी शरीफ खान पुत्र कदीर खान ने शिकायती पत्र में कहा है कि 14-06-2019 को ग्राम भमरौला निवासी एक व्यक्ति से 5 एकड़ जमीन का सौदा पच्चासी लाख रूपये प्रति एकड़ के हिसाब से चार करोड़ पच्चीस लाख रूपये में किया था। भूमि के सौदे के मध्य बयाना बीस लाख रूपये उसी दिन दे दिया था। लेकिन अभी तक उसे जमीन पर कब्जा (शेष पृष्ठ सात पर)

मैट्रोसिटी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
द्वारा आयोजित
निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर
दिनांक : 10 दिसम्बर 2023, दिन रविवार,
समय : प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक
स्थान
मैट्रोसिटी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
गली नं. 2, डॉक्टर्स कॉलोनी,
सिविल लाइन्स, रुद्रपुर
शिविर में होने वाली निःशुल्क जाँचें :-
• डॉक्टर परामर्श
• काले पीलिया की जाँच (HBsAg & HCV)
• शुगर की जाँच
• फेफड़ों की जाँच (PFT)
• HbA1c
• लिपिड प्रोफाइल
24 घंटे
Cashless Insurance Facility Available
9756456789, 05944 240248
गली नं. 2, डॉक्टर्स कॉलोनी, सिविल लाइन्स
रुद्रपुर, ऊ. सिं. नगर
सौजन्य से - मैट्रोसिटी चैरिटेबल ट्रस्ट
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
70780-57678

# 'बढ़ती ठंड' के साथ सूबे में 'ठंडा' पड़ने लगा 'विद्युत उत्पादन'

**नदियों में पानी का बहाव कम होने से यूजेवीएनएल में घटा विद्युत उत्पादन ,मांग -आपूर्ति का संतुलन बनाए रखने के लिए यूपीसीएल खुले बाजार से खरीद रहा बिजली, फिलहाल घोषित विद्युत कटौती नहीं पर मांग बढ़ने पर बढ़ सकती है मुश्किल**

■ अर्श

रूद्रपुर। उत्तराखंड के निर्माण के समय राज्य के रहनुमाओं द्वारा राज्य के निवासियों को यह आश्वासन दिया गया था, कि नए प्रदेश के निर्माण के बाद देवभूमि में हर क्षेत्र में दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की होगी और उत्तराखंड तमाम तरह के उत्पादन में आत्मनिर्भर तो होगा ही, साथ ही यह अपने उत्पाद दूसरे राज्यों को विक्रय भी करेगा। मगर, राज्य निर्माण के 23 साल के बाद भी हालात कुछ ऐसे हैं कि देवभूमि के उत्पादों के विक्रय की बात तो दूर, उत्तराखंड के नीति नियंता सूबे को कई तरह की बुनियादी जन सुविधाओं में आत्मनिर्भर तक नहीं बना सके। बात राज्य के विद्युत उत्पादन की करें तो विद्युत उत्पादन में उत्तराखंड अभी भी अपनी जरूरत के अनुसार तरक्की नहीं कर पाया है और राज्य को बिजली की मांग बढ़ने पर केंद्र का मुंह ताकना पड़ता है। प्रदेश के विद्युत उत्पादन में पूरी तरह निर्भर न होने के कारण ही प्रदेशवासियों को समय-समय पर घोषित-अघोषित विद्युत कटौती का सामना करना पड़ता है और किसानों को भी 24 घंटे निर्बाध विद्युत की सप्लाई नहीं हो पाती, जिसका सीधा असर राज्य की जीडीपी पर पड़ता है। वैसे तो आमतौर पर उत्तराखंड में बिजली का संकट मुख्य रूप से गर्मियों में ही गहराता है ,लेकिन कभी-कभी सर्दियों के मौसम में भी बिजली का संकट पैदा हो जाता है। वह



इसलिए ,क्योंकि राज्य की नदियों में पानी का बहाव कम हो जाता है और इसका असर विद्युत उत्पादन पर पड़ता है। नदियों में पानी कम होने का यह असर अब प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता पर एक बार फिर दिखाई देने लगा है ,क्योंकि ठंड बढ़ने के साथ ही प्रदेश में जैसे-जैसे नदियों में पानी का बहाव कम हो रहा, वैसे-वैसे ही बिजली उत्पादन भी प्रभावित होना शुरू हो गया है। हालात कुछ ऐसे हैं कि एक और जहां यूजेवीएनएल का उत्पादन घट गया है ,वहीं दूसरी ओर केंद्रीय पूल से मिल रही बिजली भी कम हो गई है । बताना होगा कि सामान्य दिनों में यूजे वीएनएल की जल विद्युत परियोजनाओं से यूपीसीएल को रोजाना 1.2 से 1.4 करोड़ यूनिट तक बिजली मिलती है, लेकिन इस महीने में यह आंकड़ा घटकर 80 से 90 लाख यूनिट पर आ गया है । इसके अलावा राज्य को सामान्यतया केंद्रीय पूल से रोजाना करीब 1.8 करोड़ यूनिट तक बिजली मिलती है, जो घटकर 1.4 करोड़ तक आ गई है, जबकि बिजली की मांग 3.5 से 3.9 करोड़ यूनिट प्रतिदिन जा रही है। ऐसे में यूपीसीएल को मांग और आपूर्ति का संतुलन बनाए रखने के लिए खुले बाजार से बिजली खरीदनी पड़ रही है। यद्यपि राज्य में अभी कहीं भी घोषित कटौती नहीं हो रही है और अभी तक तो हालात नियंत्रण में लग रहे हैं, लेकिन भविष्य में ठंड बढ़ने पर जैसे-जैसे बिजली की मांग बढ़ेगी, वैसे-वैसे ही दुश्वारियां भी बढ़ सकती हैं। गौर तलब है कि उत्तराखंड में कड़ाके की ठंड के दौरान बिजली की मांग पांच करोड़ यूनिट से भी ऊपर पहुंच जाती है। हालांकि, यूपीसीएल के एमडी अनिल कुमार का दावा है कि विशेष परिस्थितियों के लिए काशीपुर के गैस आधारित पावर प्लांट के लिए गैस रिजर्व में खरीदी गई है तथा भविष्य में भी बिजली के पुख्ता इंतजामात किए जाते रहेंगे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा रतनपुरा और अलखदेवी पहुंची

गदरपुर(उद संवाददाता)। विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ग्राम सभा रतनपुरा एवं ग्राम अलखदेवी में जनप्रतिनिधि ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में नूडल अधिकारी सिंचाई विभाग के एक्शन पांडे तथा कार्यक्रम संयोजक कृषि विभाग के नूडल कृषि अधिकारी अनिल अरोरा रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिभाग करते हुए भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया ने सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से उपस्थित ग्रामीणों को अवगत कराया और उनसे लाभ लेने की अपील की उन्होंने कहा, आज देश और प्रदेश सरकार के नेतृत्व में हर वर्ग के लोगों को मूलभूत सुविधाओं सहित अन्य



जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है । वही ब्लॉक के अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्राम वासियों को बताया तथा हर ग्रामसभा में ड्रोन के माध्यम से खेतों में दवा छिड़काव का तरीका डेमो देकर समझाया। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारी,मातृशक्ति एवं भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बैडमिंटन में सक्षम व अभिनंदन ने दिखाई प्रतिभा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय खेल महाकुंभ के प्रथम दिन बैडमिंटन बालक प्रतियोगिता में जनपद के सातों ब्लाकों से आए खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।अंडर 14 बालक बैडमिंटन प्रतियोगिता में आर ए एन स्कूल के प्रतिभावान छात्र सक्षम कामरा ने अपने साथी खिलाड़ी अभिनंदन के साथ मिलकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्हें कड़े मुकाबले में काशीपुर के दिव्यम व अनंत ने पराजित किया। जबकि जसपुर के लवकुश तथा आदित्य तृतीय स्थान पर रहे। वहीं अंडर 19 वर्ग डबल प्रतियोगिता में बाजपुर के प्रदीप व विशाल प्रथम, रूद्रपुर के पीयूष व लक्ष्य द्वितीय तथा यथार्थ बिष्ट व ओम राघव तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेता खिलाड़ियों को नगद धनराशि, पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। खेल महाकुंभ के



संयोजक जिला युवा कल्याण अधिकारी भूपेन्द्र सिंह रावत तथा प्रभारी जिलाधि कारी अशोक कुमार जोशी ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। गौरतलब है कि बैडमिंटन खिलाड़ी सक्षम कामरा पूर्व में भी बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में ट्रॉफी एवं पदक हासिल कर चुके हैं। उन्हें विद्यालय प्रबंधन द्वारा भी उनकृष्ट खेल प्रतिभा के लिए सम्मानित किया जा चुका है।

# बस की टक्कर से छात्र घायल

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। शक्तिफार्म से हल्द्वानी जा रहे छात्र की मोटरसाइकिल चोरगलियां में बस से टकरा गयी जिससे वह घायल हो गया। उसे



उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार शक्तिफार्म निवासी हल्द्वानी डिग्री कॉलेज का छात्र हर्ष राय पुत्र पंकज राय गुरुवार शाम मोटर साइकिल संख्या यू के 06 ए एन 4065 से हल्द्वानी जा रहा था। चोरगलियां में सामने से आ रही किसी स्कूल बस के साथ मोटरसाइकिल की आमने- सामने टक्कर हो गई। जिससे हर्ष मोटरसाइकिल के साथ सड़क पर गिरकर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने हर्ष को सड़क से उठाया। हेलमेट पहना होने से सिर मे गंभीर चोट नहीं आई। सूचना पर स्वजन चोरगलियां पहुंचकर हर्ष को वहां के किसी डॉक्टर से उपचार करने के बाद शक्ति फार्म अपने घर ले आए। उसका सितारगंज के किसी अस्पताल से उपचार चल रहा है। मोटरसाइकिल के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

# रात्य राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में लहराया परचम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में गुरूनानक बालिका इंटर कालेज की कालेज की कक्षा आठ की छात्रा रचना ने रेड ग्रुप में प्रथम और कक्षा तीन की छात्रा कु. दर्पण ने ग्रीन ग्रुप में प्रथम स्थान को उक्त पुरस्कार राशि से सम्मानित करने के साथ ही राज्यपाल ने अलग से भी उन्हें दस-दस हजार रूपये पुरस्कार देने की प्रबन्धक स० गुरमीत सिंह तथा विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष स० सुरमुख सिंह व प्रबन्धक स० परमजीत सिंह एडवोकेट







छात्राओं ने परचम लहराया है। अलग अलग वर्गो में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली कालेज की छात्राओं को राज्यपाल गुरमीत सिंह ने नगद पुरूस्कार देकर सम्मानित किया। जानकारी के अनुसार श्री गुरुनानक बालिका इण्टर प्राप्त किया। वइट ग्रुप में दसवी की छात्रा आकांक्षा आर्या ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान पाने वाली दोनों छात्राओं ने पांच पांच हजार और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा ने तीन हजार की पुरस्कार राशि प्राप्त की। तीनों छात्राओं घोषणा की। बता दें तीनों छात्राओं को गुरूनानक बालिका इंटर कालेज की अध्यापिका श्रीमती अल्पना द्वारा प्रशिक्षण किया जा रहा है। कालेज की छात्राओं के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर श्री गुरुनानक शिक्षा समिति के अध्यक्ष स० दिलराज सिंह व ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं प्रधानाचार्या श्रीमती प्रीति अग्रवाल व सभी अध्यापिकाओं को बधाई दी। विध ायक शिव अरोरा एवं निवर्तमान मेयर रामपाल ने भी छात्राओं के बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# एनडीआरएफ ने आपदा से बचाव का दिया प्रशिक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लालपुर रूद्रपुर स्थित महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लिमिटेड ट्रेक्टर डिविजन में जिला उसके बचाव से निपटने के लिए प्रशिक्षण किया गया जिसमें महिंद्रा ट्रेक्टर डिवीजन लालपुर से लगभग 150 के गदरपुर ब्रांच निरीक्षक संजय कुमार और उनकी टीम के सदस्य तथा महिंद्रा लालपुर के उत्पादन अधिकारी धर्मेन्द्र आधारित शिक्षण प्रशिक्षण प्रदान किया गया, साथ ही जिला आपदा प्रबंधन अधि कारी नेगी ने आपदा से निपटने हेतु कुशल







प्रशासन के निर्देशन पर एनडीआरएफ के सहयोग से जिला आपदा अधिकारी जनपद ऊधम सिंह नगर उमा शंकर नेगी की उपस्थिति में आपदा प्रबंधन और कर्मचारियों व अधिकारियों ने प्रतिभाग किया, ये कार्यक्रम अति प्रशंसनीय रहा जिसमें जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी के साथ एनडीआरएफ कुमार, मेंटेनेंस हैड मिलिंद गुरव, सुरक्षा अधिकारी सौरव कुमार व निजामुद्दीन की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसने जीवनदान एवं जीवन सुरक्षा प्रणाली पर मार्गदर्शन किया, महिंद्रा ट्रेक्टर डिवीजन लालपुर से धर्मेन्द्र कुमार ने एनडी आरएफ और जिला आपदा टीम का अभिवादन करते हुए आभार व्यक्त किया।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# टीएचडीसीआईएल ने पांच हाइड्रो परियोजनाओं के एमओयू पर हस्ताक्षर किए

देहरादून। एफआरआई में आयोजित ऐतिहासिक उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में श्री. आर. के. टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक विश्नोई ने भारतीय कायाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन (आईकेसीए), उत्तरांचल ओलंपिक एसोसिएशन (यूओए), और युवा कल्याण और खेल विभाग, उत्तराखंड सरकार के साथ एक मील के पत्थर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की सम्मानित उपस्थिति में आयोजित हस्ताक्षर समारोह, कोटेश्वर, टिहरी, उत्तराखंड में टीएचडीसीआईएल जल खेल उच्च प्रदर्शन अकादमी की स्थापना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एमओयू, टीएचडीसीआईएल के निदेशक (क कार्मिक), श्री प्रशांत कुशवाहा, आईकेसीए के अध्यक्ष डॉ डी सहित प्रमुख प्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षर किए गए। के. सिंह, यूओए के महासचिव, श्री अमित सिन्हा (आईपीएस), विशेष प्रधान सचिव खेल एवं युवा कल्याण, उत्तराखंड, और श्री एल। पी. जोशी, टीएचडीसीआईएल के कार्यकारी निदेशक (टीसी) (टीएचडीसीआईएल की ओर से और शासी निकाय के साथ समन्वय) देहरादून में, पुरुष और महिला एथलीटों के लिए आवासीय सुविधा के साथ एक अत्याधुनिक उच्च-प्रदर्शन अकादमी के विकास की रूप रेखा करते हैं। अकादमी का उद्देश्य अत्याधुनिक उपकरण, उपकरण और सुविधाएं प्रदान करके एथलीट के प्रदर्शन को बढ़ाना है।समझौते के तहत, अकादमी अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं के लिए एथलीटों को प्रशिक्षण देने पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिसमें विश्व चौंपियनशिप, एशियाई स्तर चौंपियनशिप, और कैनो स्लालम, पैरा-कानो और कैनो स्लालम के विषयों में रैंकिंग चौंपियनशिप शामिल है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने टीएचडीसीआईएल की भूमिका की सराहना की और कहा कि इस पहल का उद्देश्य एक वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है जो न केवल स्थानीय स्तर पर खेल को बढ़ाता है बल्कि कोटेश्वर, टिहरी में उच्च प्रदर्शन अकादमी में एक अंतर्राष्ट्रीय वातावरण के विकास में योगदान देता है। श्रीमती रेखा आर्य, खेल और युवा कल्याण मंत्री, उत्तराखंड ने भी इस ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने पर टीएचडीसी को हार्दिक बधाई दी। श्री विश्नोई ने विदेशी एथलीटों का स्वागत करके अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अकादमी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। टीएचडीसीआईएल जल खेल उच्च प्रदर्शन अकादमी प्रतिभा के पोषण, विश्व स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करने और वैश्विक स्तर पर विशेषज्ञता के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए एक केंद्र बनने के लिए तैयार है। यह पहल क्षेत्र में जल खेल के विकास के लिए एक मजबूत नींव बनाने और अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर उत्तराखंड की प्रतिष्ठा बढ़ाने के दृष्टिकोण के साथ संरेखित करती है। श्री विश्नोई ने इस लैंडमार्क उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री को बधाई दी जो उत्तराखंड के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास में एक लंबा रास्ता तय करेगा। उन्होंने कहा कि टीएचडीसी हमेशा उत्तराखंड राज्य की विकास पहलों के लिए सबसे आगे रहा है और इस संबंध में हाल ही में टीएचडीसीआईएल ने उत्तराखंड राज्य में पांच हाइड्रो परियोजनाओं के एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें 17,000 रुपये का अनुमानित निवेश शामिल होगा करोड़ों, उत्तराखंड के युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा कर रहे हैं।

# कबड्डी प्रतियोगिता का किया शुभारम्भ



गूलरभोज(उद संवाददाता)। स्वर्गीय राजेश राजभर की स्मृति में दो दिवसीय कबड्डी मैच गूलरभोज वार्ड नंबर 5 गडार बस्ती गांधी आश्रम मैदान में खेला जहा रहा है जिसके मुख्य अतिथि भाजपा नेता अतुल पांडे ने फीता काटकर शुभारंभ किया। मैच मां भगवती और बेरिया टीम मैच टीम के बीच खेला गया। संचालन भूपेंद्र आर्य ने किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरपर्सन अनीता दुबे, तरुण दुबे, डॉ कुलदीप रघुवंशी, हरीश छाबड़ा, संजीव भटेजा, रमेश सागर, गुरमेल सिंह, नंदन सिंह कोश्यारी, मुकेश राजभर, अमित कुमार गुप्ता, विक्रम सक्सेना, विजय वाला, अजय सिंह, संजू मंडल, पंकज, दीपक, राहुल, अमन, अजय, रामबाला, दिनेश, मुन्ना, राजकुमार, कृष्ण वाला, शंकर, परितोष, सूरज, प्रदीप, विजय, सोनू कोहली, सागर विश्वास, सौरभ आदि थे।

# कच्ची शराब समेत तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। जगतपुर के जंगली इलाके में वन विभाग के बैरियर के समीप कुंडेश्वरी पुलिस ने एक बार फिर से अवैध कच्ची शराब के ठिकाने पर छापामार कार्यवाही करते हुए 40 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद किए। पुलिस की कार्यवाही से शराब कारोबारियों में खासा हड़कंप देखा जा रहा है। कार्यवाही के बारे में जानकारी मिली है कि कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी विनोद जोशी को पिछले कुछ समय से जगतपुर के जंगली इलाकों में अवैध कच्ची शराब के कसीदगी की सूचना मिल रही थी। इसी सूचना पर हरकत में आई पुलिस टीम ने उक्त शराब के ठिकाने पर डॉबीज देकर वहां से एक कारोबारी को दबोच कर उसके कब्जे से रबड़ की ट्यूब में 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए मौके से शराब बनाने के उपकरण ड्रम पाइप पतीला आदि पुलिस ने कब्जे में ले लिए। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए शराब कारोबारी ने अपना नाम ग्राम जगतपुर कुंडेश्वरी निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र प्यारा सिंह बताया। आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार शराब कारोबारी का आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# बास्केटबॉल में सेंट थेरेसा और इंस्पिरेशन स्कूल बने चैंपियन




हल्द्वानी (उद संवाददाता)।तीन दिवसीय अर्न्तविद्यालयी बास्केटबॉल चैम्पियनशिप के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि अर्न्तराष्ट्रीय भारत्तोलक चैम्पियन एवं उत्तराखण्ड पुलिस निरीक्षक मुकेश पाल ने बालक-बालिकाओं से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाएँ दीं। बालिका वर्ग में पहला सेमीफाइनल मैच यूनिवर्सल कॉन्वेंट व एस0केएम0 के बीच खेला गया। जिसमें यूनिवर्सल कॉन्वेंट ने एस0के0एम0 को 24-18 से हराया। दूसरा मैच इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल व टैगोर पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया जिसमें इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल ने टैगोर पब्लिक स्कूल को 31-04 से हराया। बालक वर्ग में पहला सेमीफाइनल मैच इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल व गुरूकुल इंटरनेशनल स्कूल के बीच खेला गया जिसमें इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल ने गुरूकुल इंटरनेशनल स्कूल को 44-32 से हराया। दूसरा मैच गुरू तेग बहादुर व सेंट थेरेसा के बीच खेला गया जिसमें सेंट थेरेसा ने गुरू तेग बहादुर को 28-25 से हराया। फाइनल मैच बालिका वर्ग में इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल व यूनिवर्सल कॉन्वेंट के बीच खेला गया। जिसमें इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल ने यूनिवर्सल कॉन्वेंट को 27-25 से हराया। बालक वर्ग में फाइनल मैच इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल व सेंट थेरसा के बीच में खेला गया जिसमें सेंट थेरेसा ने इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल को 49-30 से हराया। बालक वर्ग व बालिका वर्ग में विजयी ट्राफी क्रमशः सेंट थेरेसा व इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल को मिली। रनरअप ट्राफी बालिका वर्ग व बालक वर्ग में क्रमशः यूनिवर्सल कॉन्वेंट व इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल को मिली। साथ ही मोस्ट इमर्जिंग प्लेयर बालिका वर्ग में प्रेरणा आनंद (इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल) व बालक वर्ग में नमन बिष्ट (सेंट थेरेसा) को मिला। बेस्ट शूटर का खिताब बालिका वर्ग में साक्षी बिष्ट (इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल) व बालक वर्ग में सलिल मेहता (इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल) को मिला। मोस्ट प्रोमिसिंग प्लेयर का खिताब बालिका वर्ग में गीता डांगी (यूनिवर्सल कॉन्वेंट) व बालक वर्ग में दिव्यांशु काण्डपाल (सेंट थेरेसा) को मिला। अंत मे चेयरपर्सन डॉ0 गीतिका बल्यूटिया व प्रबंधक दीपक बल्यूटिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए विजयी टीम को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलक्ष में पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश भगत, सचिव मणी पुष्पक जोशी, सिंथिया स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवीण रौतेला, गुरू तेग बहादुर स्कूल के प्रध ानाचार्य विजय जोशी, शिवालिक इंटरनेशनल के रमेश शर्मा, एवरग्रीन स्कूल के एल0 डी0 पाठक, इम्पीरियल स्कूल की श्रीमती राधा ऐंठानी, क्वींस के आर0 पी0 सिंह, संजय बल्यूटिया आदि उपस्थित रहे।

# इनवेस्टर्स समिट के आयोजन पर प्रदेश कांग्रेस ने उठाये कई सवाल

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने शुक्रवार को ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के आयोजन को लेकर प्रेस वार्ता के दौरान राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर कई तरह के सवाल खड़े किये है। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के अनुसार भाजपा जिस तरह की बातें-दावे और दिखावा करती है वह सब झूठा और खोखला है, उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 मुझे इन्वेस्टर समिट 2018 का रेप्लिका लगता है। मेरे कुछ प्रश्न थे जिसका जवाब अब तक धामी सरकार ने नहीं दिया जिस पर भाजपा नेताओं और प्रवक्ताओं ने चुप्पी साध ली है। मैकेंजी ग्रुप जो एक ब्लैक लिस्टेड कंपनी है उसे 2 लाख 50 हजार प्रतिदिन किस मद से दिये जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा उस कंपनी को सालाना 80 करोड़ देकर आज लगभग एक साल बीत जाने के बाद हमारा उत्तराखंड राज्य उससे कितना लाभान्वित हुआ? पंडित नारायण दत्त तिवारी जी के शासन में बिना इन्वेस्टर्स समिट के प्रदेशभर में सिडकुल के तहत छोटे-बड़े 2000 उद्योग स्थापित किये गये, /चनेीांतकींउप सरकार बताए कि उनमें से कितने अब तक उत्तराखंड से पलायन कर गये है? पंडित नारायण दत्त तिवारी जी के शासन में स्थानीय बेरोजगारों के लिए स्थापित उद्योगों में 70% आरक्षण की व्यवस्था की गई थी जिसे भाजपा सरकार ने समाप्त कर दिया है, इसके विपरीत एम्स जैसे संस्थानों में दूसरे प्रदेशों के लोगों को रोजगार देकर स्थानीय बेरोजगारों के हकों पर डाका क्यों डाला जा रहा है? भाजपा सरकार द्वारा 2018 में कराए गए इन्वेस्टर समिट में 1 लाख 25 हजार करोड़ के इन्वेस्ट का दावा कर 7 लाख लोगों को रोजगार देने के बड़े बड़े होर्डिंग बोर्ड प्रचार किया गया था, कितने बेरोजगारों को रोजगार मिला सरकार स्पष्ट करना चाहिए? जो उद्योग पूर्व से ही स्थापित हैं तथा उनके कार्यालय दिल्ली, मुंबई, गाजियाबाद, नोएडा, गुड़गांव में हैं, उनसे एमओयू लंदन में क्यों हो रहे हैं? विद्युत उत्पादक राज्य होने के बावजूद प्रदेश में बिजली की आपूर्ति लगातार बाधित हो रही है और विद्युत की दरें भी अन्य कई राज्यों से अधिक क्यों हैं? आपदा प्रबन्धन विभाग के आंकड़ों के अनुसार राज्य में इसी राज्य की 400 से ज्यादा सड़के तीन महीने से भी अधिक समय तक बाधित रही ऐसे में पर्वतीय अंचलों में निवेश कैसे पहुंचेगा? कांग्रेस की सरकारों में उद्योगों को जिस भी प्रयोजन से भूमि आवंटित कराई जाती थी, वह उसी के तहत भूमि इस्तेमाल की जाती थी अन्यथा भूमि राज्य सरकार में निहित हो जाती थी। परन्तु भाजपा सरकार ने आत्मघाती निर्णय लेते इस नियम को दरकिनार कर प्रावधान समाप्त कर दिया।

# गाजियाबाद का नाम दूधेश्वर नगर रखने को लेकर महिलाओं ने भरी हुंकार ,सीएम योगी को भेजा ज्ञापन

काशीपुर/गाजियाबाद(उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुगलसराय इलाहाबाद व फैजाबाद आदि जिलों के नाम बदलने के बाद अब जनपद गाजियाबाद को दूधेश्वर नगर के नाम से पहचान दिलाने को लेकर महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है। हिंदू रक्षा दल महिला विंग की जिला अध्यक्ष प्राची सक्सेना के नेतृत्व में दर्जनों की तादाद में एकत्रित महिलाओं ने सनातन संस्कृति के रक्षा का संकल्प लेते हुए जनपद गाजियाबाद का नाम दूधेश्वर नगर रखने को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक ज्ञापन प्रेषित किया। हिंदू रक्षा दल की जिला अध्यक्ष प्राची सक्सेना ने कहां की यदि सप्ताह के भीतर इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही नहीं की गई तो सैकड़ो महिलाओं को साथ लेकर वह डीएम कार्यालय का घेराव करेंगी। अपने वक्तव्य में प्राची सक्सेना ने उत्तर प्रदेश सरकार की राजकाज की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज उत्तम प्रदेश की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने जिस सूझबूझ का परिचय देते हुए आज उत्तर प्रदेश को माफिया मुक्त कर दिया वह अपने आप में किसी उपलब्धि से कम नहीं है। यूपी की सड़कों पर आज महिलाएं निडर होकर घरों से निकलकर आत्मनिर्भर हो रही है। प्राची सक्सेना ने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली से सटे जनपद गाजियाबाद को यदि इसके वास्तविक नाम दूधेश्वर नगर से नवाजा गया तो यह सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने में भविष्य के लिए



मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करने वाली महिलाओं में हिंदू रक्षा दल की महिला विंग जिला अध्यक्ष प्राची सक्सेना, अमृता शर्मा , करुणा चौधरी , प्रियंका गौर , पूनम चौधरी , मनीषा पंवार आदि दर्जनों कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल रही।

# उत्तराखण्ड में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की धूम: पहले दिन ही 44 हजार करोड़ के इन्वेस्टमेंट एमओयू साईन





देहरादून(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज देहरादून में आयोजित उत्तराखण्ड वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 2023 का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और ग्राउंड ब्रेकिंग वॉल का अनावरण भी किया। प्रधानमंत्री ने देवभूमि उत्तराखण्ड में होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक होने के बारे में अपने कथन को याद किया। उन्होंने कहा कि यह संतोष की बात है कि यह कथन जमीन पर साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री ने डबल इंजन सरकार के लाभों को दोहराया जिसके दोहरे प्रयास हर जगह दिखाई दे रहे हैं। राज्य सरकार जहां स्थानीय वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए काम कर रही है, वहीं भारत सरकार उत्तराखण्ड में अभूतपूर्व निवेश कर रही है। उत्तराखण्ड में इतने बड़े स्तर पर पहली बार मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है जो और भी खास तब बन गया जब समिट के पहले दिन ही 44 हजार करोड़ के इन्वेस्टमेंट एमओयू की ग्राउंडिंग हो गई। मुख्य रूप से (इलेक्ट्रिक व्हीकल्स),रियल एस्टेट, हेल्थ केयर, हायर एजुकेशन, पर्यटन, फिल्म, आयुष और ऊर्जा के क्षेत्रों में निवेश के लिए एमओयू किए गए उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले दिन डेनमार्क, इजिप्ट, एरिट्रिया, जिबूती, इथोपिया, घाना, ग्रीस, गुयाना, जैमेका, कजाखस्तान, लेसोथो, मलावी, मालदीव सहित कई देशों के राजदूत शामिल हुए। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 44 हजार करोड़ से अधिक के एमओयू साइन किए गए हैं। मुख्य रूप से (इलेक्ट्रिक व्हीकल्स),रियल एस्टेट, हेल्थ केयर, हायर एजुकेशन, पर्यटन, फिल्म, आयुष और ऊर्जा के क्षेत्रों में निवेश के लिए एमओयू किए गए।

## पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से की बातचीत, सीएम धामी ने मोदी को भेंट किया उत्तराखंड में निर्मित तिमूर का परफ्यूम इलेक्ट्रिक व्हीकल्स,रियल एस्टेट, हेल्थ केयर, हायर एजुकेशन, पर्यटन, फिल्म, आयुष और ऊर्जा के क्षेत्रों में निवेश के लिए एमओयू किए गए







फिल्म निर्माण के क्षेत्र में निवेश हेतु जिंदल प्रोडक्शन प्रा. लि. द्वारा फिल्म ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट एन्ड रिसर्च की स्थापना हेतु एमओयू किया गया। एमओयू फिल्म विकास परिषद के मुख्य अधिकारी एवं महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी एवं जिंदल प्रोडक्शन के सीएमडी आर. के. जिंदल द्वारा किए गए। प्रधानमंत्री ने मौके पर प्रदर्शनी का अवलोकन किया और ग्राउंड ब्रेकिंग वॉल का अनावरण भी किया। प्रधानमंत्री ने देवभूमि उत्तराखण्ड में होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक होने के बारे में अपने कथन को याद किया। उन्होंने कहा कि यह संतोष की बात है कि यह कथन जमीन पर साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री ने ग्रामीण इलाकों से चारधाम तक जाने के काम का जिक्र करते हुए कहा कि वह दिन दूर नहीं जब दिल्ली-देहरादून के बीच की दूरी ढाई घंटे की रह जायेगी। देहरादून और पंतनगर हवाई अड्डे के विस्तार से हवाई कनेक्टिविटी मजबूत होगी। प्रदेश में हेली-टैक्सी सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तिमूर से बने इत्र और परफ्यूम की खुशबू भा गई। वैश्विक निवेशक सम्मेलन में लगी उत्तराखंड के कई स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान सगंध पौध केंद्र सेलाकुई की ओर से प्रधानमंत्री को तिमूर का इत्र और परफ्यूम भेंट किया गया। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर उत्तराखंड के उत्पादों की सराहना करते हुए एक पोस्ट भी साझा की है जिसमें उन्होंने लिखा है कि तिमूर एक झाड़ीनुमा पौधा है, जो उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पाया जाता है। तिमूर के तने का धार्मिक महत्व भी है। इसके बीज का टूथ पेस्ट, मसाले, चटनी, दवाइयों, कॉस्मेटिक, परफ्यूम, इत्र बनाने का किया जाता है। दिसंबर 2021 में प्रधानमंत्री ने प्रदेश में इत्र एवं सुगंध प्रयोगशाला का शुभारंभ किया था। इसके बाद सगंध पौध केंद्र ने प्रयोगशाला में तिमूर से तेल से इत्र और परफ्यूम तैयार किया है। वैश्विक स्तर पर फूड इंडस्ट्री में तिमूर के बीज और तेल की मांग को देखते हुए प्रदेश सरकार ने तिमूर के व्यावसायिक उत्पादन के लिए मिशन तिमूर शुरू किया है। पहले चरण में पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में 500 हेक्टेयर में तिमूर वैली विकसित की जा रही है। इसके अलावा सीमावर्ती गांवों में दो हजार हेक्टेयर पर तिमूर की खेती की जाएगी। प्रदर्शनी में अवलोकन के दौरान सगंध पौध केंद्र के निदेशक नृपेंद्र सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री को तिमूर के बीज की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्हें तिमूर से बना इत्र व परफ्यूम भेंट किया। उत्तराखंड वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन को संबोधित करने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदर्शनी हॉल का उद्घाटन किया। इस दौरान वह सबसे पहले ग्राम्य विकास विभाग के स्टॉल पर पहुंचे। जहां उन्होंने स्टॉल पर खड़ी स्वयं सहायता समूह से जुड़ी गीता रावत और उमा देवी से बातचीत की और उनके काम के बारे में पूछा। पीएम मोदी से बातचीत करने पर स्वयं सहायता समूह से जुड़ी गीता रावत और उमा देवी बेहद उत्साहित नजर आईं। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने उनके काम के बारे में उनसे विस्तार से पूछा। बेकरी का काम कब से कर रही हैं, कितनी बिक्री होती है और कितनी कमाई हो जाती है, जैसे सवाल मोदी ने उनसे किए। इस दौरान पीएम ने उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। गीता रावत ने बताया कि उन्होंने पीएम को बताया कि कैसे महिलाएं रोजमर्रा और खेती के काम के साथ समूह से जुड़कर स्थानीय उत्पादों से बेकरी के उत्पाद बनाकर बेचती हैं। इससे उनकी आर्थिकी में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने बताया कि वह पौड़ी में जय अंबे स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं और सरकार की यूएसआरएलएम योजना के तहत विभिन्न उत्पादों को बना रही हैं।













# 'वाईब्रेंट गुजरात' की तर्ज पर छा जायेगा 'डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड'

## पीएम मोदी ने गिनाई डबल इंजन सरकारों की खूबियां, धामी सरकार की हुई खूब सराहना





देहरादून(उद ब्यूरो)। देहरादून में आयोजित उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की धूम वैश्विक व्यापारिक गलियारों के साथ ही सोशल मीडिया पर भी छायी रही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तराखण्ड पहुंचते ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर #Modi In UK InvestorSummit नंम्बर 1 पर ट्रेंड करने लगा। इसके साथ ही #DestinationUttarakhand भी ट्रेंडिंग लिस्ट में शामिल रहा। खास बात यह है कि इन हैशटैग की ट्रेंडिंग 12 घंटों तक लगातार बनी रही। उत्तराखण्ड के साथ ही देश की बड़ी हस्तियों व उद्योग समूहों से जुड़े प्रतिनिधियों ने भी सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर समिट से संबंधित पोस्ट किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का देवभूमि उत्तराखण्ड में प्रदेश की समस्त जनता की ओर से स्वागत करते हुए कहा कि भारत में समय-समय पर अनेकों महापुरूषों ने मां भारती के मुकुट की शोभा बढ़ाने और समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि हम आज प्रधानमंत्री की ओर देखते हैं तो हमें उन सभी महान विभूतियों का अंश उनमें दिखाई देता है। देश के पीएम जिस कठिन परिश्रम से भारत को पुनः विश्व गुरू बनाने के लिए प्रयत्नशील हैं वह 140 करोड़ भारतीयों में आशा एवं विश्वास का बीज भी रोपित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा गुजरात के सीएम रहते हुए 'वाईब्रेंट गुजरात' नाम से इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन शुरू किया गया था, उसी से प्रेरित होकर राज्य सरकार ने डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड की थीम पर इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में ढाई लाख करोड़ रूपये के निवेश प्रस्तावों को प्राप्त करने का लक्ष्य था, अभी तक लक्ष्य से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर करार हो गये हैं। इनमें से अब तक 44 हजार करोड़ रूपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। लोकसभा चुनाव से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हजारों लोगों के बीच खुले मंच से अपने तीसरे कार्यकाल का एलान कर दिया। पीएम ने मंच से जब यह कहा कि मेरे तीसरे टर्म में देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में तीसरे पायदान पर होगी। सियासी जानकार पीएम के इस गजब के आत्मविश्वास की एकमात्र प्रमुख वजह तीन राज्यों के चुनाव में भाजपा को मिली जीत बता रहे थे। यूपी के बाद देश की सियासत में राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ को हिंदी पट्टी में सबसे बड़ा फैक्टर माना जाता है। विधानसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले तक जो पूर्वानुमान लगाए जा रहे थे, उनसे भाजपा की पेशानी पर भी बल थे। राजस्थान को छोड़कर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विपक्ष अपनी निश्चित जीत का दावा कर रहा था। इन दावों के बीच नतीजा भाजपा के हक में आया। लोकसभा चुनाव से पूर्व तीन राज्यों में भाजपा की इस जीत ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से लेकर आम कार्यकर्ता तक को आत्मविश्वास से भर दिया है। यही गजब का आत्मविश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर साफ दिखाई दिया। उन्होंने जिस भरोसे के साथ अपने नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया में शिखर की ओर से ले जाने का इरादा जताया, उसने जाहिर कर दिया कि वह फिर प्रधानमंत्री की कुर्सी पर विराजमान होने जा रहे हैं। सियासी जानकारों का मानना है कि पीएम मोदी का यह इरादा अनायास नहीं है। दरअसल, जिन कल्याणकारी और विकास नीतियों और विजन पर केंद्र सरकार काम कर रही है, उसने स्थिर सरकार के प्रति विश्वास जताया है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में राजनीतिक स्थिरता का प्रमुखता से जिक्र भी किया। इसके लिए उन्होंने विधानसभा चुनाव के हालिया नतीजों का उदाहरण दिया। उनका यह कहना कि आकांक्षी भारत अस्थिरता के बजाय एक स्थिर सरकार चाहता है, का यही निहितार्थ था कि ऐसी स्थितियां विकास और सुशासन का वातावरण बनाने में मददगार साबित होगी। प्रधानमंत्री ने पिछले करीब 10 वर्षों में उत्तराखंड में चारधाम ऑलवेदर रोड परियोजना, ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना, देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेस हाईवे, पंतनगर और देहरादून एयरपोर्ट के विकास और विस्तार का जिक्र करके डबल इंजन की सरकारों के फायदे भी गिनाए। उन्होंने मंच से कहा भी, उत्तराखंड को डबल इंजन का लाभ मिला है और प्रकृति, संस्कृति और विरासत को समेटे उत्तराखंड आज कनेक्टिविटी और विकास योजनाओं के कारण एक ब्रांड के रूप में उभरने जा रहा है। ऐसा कहकर उन्होंने उन राज्यों को भी संदेश साफ कर दिया जहां स्थिर और डबल इंजन की सरकारें नहीं हैं।

# शहरी विकास मंत्री ने रियल एस्टेट सेक्टोरल सत्र में विभिन्न कंपनियों के साथ किया एमओयू

देहरादून(उद संवाददाता)। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अंतर्गत रियल एस्टेट सेक्टोरल सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न कंपनियों के साथ एमओयू भी किए गए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री प्रेमचंद अग्रवाल ने निवेशकों का उत्तराखण्ड में स्वागत करते हुए कहा कि हमारा प्रदेश असीम संभावनाओं से भरा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प में एक छोटी सी आहूति उत्तराखण्ड भी इस समिट के जरिए दे रहा है। उन्होंने सभी उद्यमियों से उत्तराखण्ड में निवेश करने का आह्वान किया। भारत सरकार के आवास एवं विकास मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार श्री दिनेश कपिला ने कहा कि वर्ष 2016 में रेरा कानून के आने के बाद इस सेक्टर को रेगुलेट किया गया। रेरा के आने के बाद इस क्षेत्र में पहले की तुलना में लोगों में अधिक विश्वास पैदा हुआ है। अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन ने कहा कि आने वाले दिनों में दिल्ली-देहरादून के मध्य इकोनॉमिक कॉरिडोर का निर्माण पूरा होने पर इन दोनों शहरों के बीच की दूरी ढाई घंटे में पूरी हो सकेगी। दिल्ली एनसीआर के सबसे करीबी कैपिटल सिटी होने का भी निश्चित रूप से उत्तराखण्ड को लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में बेहतर कानून




व्यवस्था, शानदार वातावरण निवेशकों के लिए मुफीद है। राज्य में चारधाम ऑल वेदर रोड के बनने के बाद जहां कनेक्टिविटी बेहतर हुई है तो एयर कनेक्टिविटी के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। इस अवसर पर आवास सचिव श्री एस.एन पांडेय, टिहरी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री प्रकाश चंद दुम्का, एमडीडीए के सचिव श्री एमएस बर्निया आदि उपस्थित थे। इसके उपरांत पैनल डिस्कशन के माध्यम से उत्तराखण्ड में रियल एस्टेट सेक्टर में संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। पैनल डिस्कशन में प्रतिभाग करते हुए अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन ने कहा कि राज्य में सात हजार हेक्टेयर का लैंड बैंक तैयार किया जा रहा है ताकि उद्योगों की मूलभूत आवश्यकता को पूर्ण किया जा सके। इस दौरान ओमैक्स ग्रुप के एमडी श्री मोहित गोयल, रहेजा डेवलपर के एमडी श्री नवीन रहेजा, डीएस ग्रुप के हेड ऑफ हॉस्पिटलिटी श्री नेथन एंड्रूज, अंतरा सीनियर लिविंग के डिप्टी सीईओ श्री अजीत अग्रवाल एवं अलडेको के सीईओ श्री रोहित किशोर उपस्थित रहे।

# तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में निवेशकों को राज्य सरकार द्वारा हर संभव सहयोग किया जाएगा



देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड में निहित शिक्षा सामर्थ्य को संवारने के लिए इन्वेस्टर्स समिट के तहत विद्यालयी, तकनीकी और उच्च शिक्षा का सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि आज उत्तराखण्ड राज्य शिक्षा के क्षेत्र में एक मॉडल के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में निवेशकों द्वारा रुचि दिखाने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निवेशकों को सरकार द्वारा हर संभव सहयोग किया जाएगा। निवेशकों की किसी भी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए शासन और प्रशासन प्रतिबद्ध है।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने देश की शिक्षा व्यवस्था को नया स्वरूप प्रदान किया है और राज्य ने इसे प्रभावी रूप से लागू भी किया है। राज्य के 200 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में 08 ट्रेड में व्यवसायिक शिक्षा दी जा रही है तथा 331 विद्यालय में प्रक्रिया अंतिम चरण पर है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री शोध प्रोत्साहन योजना के माध्यम से राज्य के उच्च शिक्षण संस्थाओं में शोध गतिविधि को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों और शोधार्थियों को 18 लाख रुपए तक का शोध अनुदान दिया जा रहा है। वर्तमान में 22 निजी विश्विद्यालय सहित 275 निजी महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उच्च शिक्षा सचिव शैलेश बगोली ने कहा कि राज्य में सभी बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ ही शिक्षा की पहुंच सुलभ हो इसके लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। राज्य में विद्यालय, उच्च और तकनीकी का समेकित विकास हो, इसके लिए निजी और सरकारी संस्थानों को एक साथ मिलकर कार्य करना होगा। सत्र में सचिव रविनाथ रमन, शूलिनी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो0 अतुल खोसला, संपर्क फाउंडेशन से विनीत नय्यर, यूपीएस के चांसलर डॉक्टर सुनील राय, दून स्कूल के चेयरमैन अनूप सिंह बिश्नोई, शारदा यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रदीप कुमार गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

# उद्यमियों और निवेशकों के सुझावों के आधार पर अलग-अलग क्षेत्रों में अभिवन पॉलिसी बनाई




देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के अंतर्गत ''मैन्युफैक्चरिंगः की इंजन ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ'' विषय पर सेक्टोरल सेशन का आयोजन किया गया। इस सेशन की अध्यक्षता करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री सौरभ बहुगुणा ने उद्यमियों का स्वागत करते हुए बताया कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा विभिन्न सेक्टरों में अनेक अवसंचनात्मक सुधार किये गए हैं और कुछ सेक्टरों में अभी सुधार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार ने अनेक पुरानी नीतियों में समय के सापेक्ष बदलाव किए हैं तथा विभिन्न उद्यमियों और निवेशकों के सुझावों के आधार पर अलग-अलग क्षेत्रों में अभिनव पॉलिसी भी बनाई है। इस दौरान सचिव उद्योग श्री विनय शंकर पाण्डेय ने सभी निवेशकों का स्वागत करते हुए उत्तराखण्ड सरकार द्वारा उत्तराखण्ड को आकर्षक निवेश स्थल के रूप में स्थापित करने के लिये किये गये विभिन्न सुधारों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में सस्ता और आसानी से कर्मठशील श्रमबल उपलब्ध है, यहां लेबर डिस्प्यूट से संबंधित मामले भी नहीं है तथा सरकार बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने पर युद्धस्तर पर कार्य कर रही है। इस दौरान महानिदेशक उद्योग श्री रोहित मीणा, अकुम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री संदीप जैन, गोदरेज ग्रुप से श्री राकेश स्वामी, टेक्योन ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री नमन गांधी सहित विभिन्न उद्यमियों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# हेल्थकेयर सेक्टर पर आधारित सत्र निवेश की संभावनाओं व सहयोग की नितांत आवश्यकता पर किया गया फोकस




देहरादून(उद संवाददाता)। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अंतर्गत हेल्थकेयर सेक्टर पर आधारित सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र की अध्यक्षता करते हुए कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व के चलते उत्तराखण्ड विकास की राह में तेजी से आगे बढ़ रहा है।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य के तेजी से विकास तथा रोजगार के नए व बेहतर अवसरों के सृजन के लिए नीतियों में जरूरी बदलाव करने के साथ ही निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सचिव डा. आर. राजेश कुमार ने उत्तराखण्ड के हेल्थकेयर एवं फार्मा सेक्टर में निवेश की संभावनाओं व जरूरतों को रेखांकित करते हुए राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं और इससे जुड़ी नीतियों के बारे में जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता में वृद्धि तथा गुणवत्तापूर्ण हेल्थकेयर की बढ़ती मांग के चलते हमें निरंतर बढ़ती आबादी की स्वास्थ्य संबंधित जरूरतों को पूरा करने के लिए निजी क्षेत्र के सहयोग की नितांत आवश्यकता है। डा. राजेश कुमार ने कहा कि हेल्थ एवं फार्मा सेक्टर में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने नीतियों में अनुकूल बदलाव करने के साथ ही अनेक सहूलियतों का प्रावधान किया है। इस दौरान अपोलो हेल्थ केयर में सीएफओ कृष्णन अखिलेश्वरन, टाटा 1एमजी के वाइस प्रेसिडेंट डा. प्रशांत नाग, ग्राफिक एरा हॉस्पिटल के चेयरमैन प्रो. कमल घनशाला, एनएचएम उत्तराखण्ड की मिशन डायरेक्टर स्वाति एस भदौरिया व अन्य उद्यमियों ने भी अपने विचार रखे।

उत्तरांचल दर्पण

# सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## खतरे में वनस्पतियां और वन्यजीव

इस मौसम में जब शीतलहर शुरू होती है, दुनिया के बहुत सारे देश गर्मी झेल रहे हैं। पिछला महीना पिछले तीस वर्षों में सबसे गर्म नवंबर महीने के रूप में दर्ज हुआ। यह वर्ष बीतने को है, मगर तापमान बहुत सारी जगहों पर चौदह डिग्री के आसपास बना हुआ है। हालांकि भारत के कुछ पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का वातावरण बन चुका है, मगर अधिकतर मैदानी भाग गर्मी महसूस कर रहे हैं। बीता नवंबर पूर्व औद्योगिक काल से पौने दो डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म दर्ज हुआ। इसे लेकर दुनिया भर के पर्यावरणविदों की चिंता स्वाभाविक है। इन दिनों दुबई में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन चल रहा है। उसमें दुनिया के दो सौ वैज्ञानिकों ने एक रिपोर्ट जारी कर चेतावनी दी कि मौजूदा वृद्धि के कारण तापमान के पृथ्वी पर जीवन के लिए जरूरी पांच महत्त्वपूर्ण सीमाओं के पार कर जाने का खतरा है। इस रिपोर्ट में छब्बीस महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित किया गया है। देखना है कि धरती के तापमान में ताजा वृद्धि और इसे लेकर जताई जा रही चिंताओं को लेकर दुनिया के देश कितनी गंभीरता दिखाते और क्या व्यावहारिक कदम उठाते हैं। हालांकि इस बारे में फिलहाल कोई दावा करना मुश्किल है, क्योंकि पिछले अट्ठाईस वर्षों से इस सम्मेलन में इसी तरह चिंताएं जताई जाती और एहतियाती कदम उठाने के संकल्प दोहराए जाते रहे हैं, मगर कोई व्यावहारिक रास्ता अभी तक नहीं निकाला जा सका है। जलवायु परिवर्तन के कारण स्पष्ट हैं। हर साल दुनिया के तमाम देश इस सम्मेलन में जुटते और जीवाश्म ईंधन के उपयोग में कटौती, औद्योगिक कार्बन उत्सर्जन पर रोक लगाने के वादे करके वापस लौट जाते हैं। मगर सच्चाई यह है कि हर साल वैश्विक तापमान में कुछ वृद्धि ही दर्ज होती जा रही है। मौसम का मिजाज इस कदर बदल चुका है कि कहीं चक्रवात, बेमौसम तेज बारिश, तो कहीं ठंडे कहे जाने वाले शहरों में लू के थपेड़ों से लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। इसका सबसे बुरा प्रभाव खेती-किसानी, बागबानी, पशुपालन पर पड़ रहा है। बहुत सारी वनस्पतियां और वन्यजीव खतरे की कगार पर पहुंच चुके हैं। भारत में इस वक्त जब गेहूं और दलहनी फसलों के लिए ठंडे मौसम और कोहरे की जरूरत होती है, तब धरती तप रही है। इससे फसलों की बढ़वार प्रभावित होगी। फिर पिछले कुछ सालों से देखा जा रहा है कि फरवरी का महीना शुरू होते ही मौसम में गर्मी लौट आती है। इस तरह फसलों में ठीक से दाने नहीं भरने पाते। इससे स्वाभाविक ही अन्न के उत्पादन पर बुरा असर पड़ रहा है। मौसम का चक्र बिगड़ने से अनेक नए प्रकार के विषाणु पनप रहे हैं, जो स्वास्थ्य पर बुरा असर डालते हैं। वायु प्रदूषण और उससे पैदा होने वाली बीमारियों को रोकना बहुत सारे देशों के लिए बड़ी चुनौती बन चुका है। इस तरह दुनिया भर में स्वास्थ्य खर्च बढ़ा है। जिन देशों का श्रमबल अधिक समय अस्वस्थता से जूझता है, वहां के उत्पादन पर भी बुरा असर पड़ता है। इन तथ्यों से अब शायद ही कोई अपरिचित है। मगर हैरानी की बात है कि धरती पर जीवन के लिए खतरा बन चुके जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अपेक्षित संजीदगी कहीं नजर नहीं आती। कार्बन उत्सर्जन में कटौती करने और इसके दोषियों पर दंड के प्रावधान को लेकर अब तक कोई व्यावहारिक रास्ता नहीं बन पाया है। इसके लिए कोष बनाने पर रजामंदी नहीं हो पाई है। इस तरह तो तपती धरती को शायद ही ठंडक पहुंचेगी।

## पुण्यतिथि पर देश के पहले सीडीएस बिपिन रावत को सीएम ने दी श्रद्धांजलि

देहरादून। देश के पहले सीडीएस रहे स्वर्गीय बिपिन रावत की दूसरी पुण्यतिथि है। 8 दिसंबर 2021 को तमिलनाडु के कुन्नूर के नीलगिरी के जंगलों में हेलिकॉप्टर क्रैश होने से उनकी मौत हो गई थी। उनके साथ उनकी पत्नी मधुरिका रावत की भी मौत हो गई थी। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने स्वर्गीय बिपिन रावत को उनकी दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम धामी ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- सैन्यधाम उत्तराखंड के गौरव, अदम्य शौर्य और साहस के पर्याय, देश के प्रथम सीडीएस पद्म विभूषण से अलंकृत स्व. बिपिन रावत जी की पुण्यतिथि पर देहरादून में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। आठ दिसंबर, 2021 को जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत और 11 अन्य लोगों की तमिलनाडु के कुन्नूर में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में जान चली गई थी। दुर्घटना में मारे गए अन्य लोगों में उनके रक्षा सलाहकार ब्रिगेडियर लखबिंदर सिंह लिद्दर, स्टाफ ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल हरजिंदर सिंह, विंग कमांडर पीएस चौहान, स्क्वाड्रन लीडर के सिंह, जेडब्ल्यूओ दास, जूनियर वारंट अधिकारी प्रदीप ए, हवलदार सतपाल, नायक गुरसेवक सिंह, नायक जितेंद्र कुमार, लांस नायक विवेक कुमार और लांस नायक साईं तेजा थे।

# जम्मू-कश्मीर और पीओके

जम्मू-कश्मीर के शासन-प्रशासन में सुधार लाने और समावेशी विकास के क्रम में लोकसभा में दो सांशोधन विधेयक पारित हुए हैं। यह पहल अत्यंत सुखद होने के साथ देश की अखंडता को स्थापित बनाए रखने वाली है। इस केंद्र शासित प्रदेश को मुख्यधारा में लाने के नजरिए से 'जम्मू एवं कश्मीर पुर्नगठन संशोधन विधेयक' के लागू होने पर क्षेत्र के प्रतिनिधित्व में विस्तार होगा, क्योंकि इस प्रावधान के चलते कश्मीरी प्रवासी समुदाय के दो प्रतिनिधि और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर अर्थात पीओके से विस्थापित लोगों का भी एक प्रतिनिधि विधानसभा में नामित किया जा सकेगा। दूसरा विधेयक सरकारी नौकरियों और पेशेवर संस्थानों में पिछड़े वर्ग को आरक्षण देने का मार्ग खोलेगा। गृहमंत्री अमित शाह ने जब इन विधेयकों के प्रारूप को प्रस्तुत किया तो संसद में कांग्रेस समेत अन्य विपक्ष ने तमाम सवाल खड़े करने की कोशिश की। इन सवालों का तार्किक उत्तर देते हुए शाह ने सबको निरूत्तर करते हुए कहा कि 'पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की गलतियों का खमियाजा वर्षों तक कश्मीर सहित पूरे देश को भुगतना पड़ा है। जब हमारी सेना जीत रही थी, तब नेहरू ने अचानक युद्ध विराम घोषित कर दिया, जिसके चलते पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर का जन्म हुआ। यदि यह युद्ध विराम तीन दिन बाद होता तो पीओके भारत का हिस्सा होता। नेहरू ने दूसरी बड़ी गलती कश्मीर मामले को संयुक्त राष्ट्र में ले जाकर कर दी थी। नेहरू ने खुद शेख अब्दुल्ला को लिखे पत्र में अपनी गलती स्वीकार की है। इसके बाद कश्मीर में धारा-370 और 35-ए ने अलगाववाद के बीज बोने का काम किया। जिसके परिणाम में 46,631 परिवारों को अपने ही देश में विस्थापित होना पड़ा और 45,000 लोगों को असमय मौत झेलनी पड़ी। इसमें कोई दो राय नहीं कि विभाजन की जिस अव्यावहारिक व अप्राकृतिक मांग के आगे नेहरू समेत हमारे तत्कालीन नेता नतमस्तक होते चले गए, उससे न केवल जम्मू-कश्मीर, बल्कि पाक अधिकृत कश्मीर, भारत, पाकिस्तान और बंग्लादेश को भी विभाजन का दर्द झेलना पड़ा। जबकि विभाजन के समय ही यह साफ लगने लगा था कि यह अखंड भारत की विरासत को खंडित करने की अंग्रेजी हुकूमत की कुटिल चाल है। बावजूद कांग्रेस नेता यह नहीं समझ पाए कि जो शेख अब्दुल्ला 'मुस्लिम कांफ्रेंस' का गठन कर कश्मीर की सामंती सत्ता से मुठभेड़ कर रहा है, उसे शह मिलती रही तो वह भस्मासुर भी बन सकता है ? 1931-32 में शेख की मुलाकात नेहरू तथा खान अब्दुल्ल गफ्फार खान से हुई। इन्हें सीमांत गांधी भी कहा जाता है। इस गुफ्तगू से शेख को इतनी ताकत और दृष्टि मिली कि शेख ने अपनी स्वार्थपूर्ति के लिए 'मुस्लिम कांफ्रेंस' से मुस्लिम शब्द हटा दिया और 'नेशनल' जोड़ दिया। जिससे राष्ट्रीयता का भ्रम हो। इसी समय जिन्ना ने पृथकतावादी अभियान चला दिया। फिरंगी शासक तो चाहते भी यही थे कि भारत की आजादी धर्म के आधार पर बंटवारे की परिणति में मिले। आमतौर से ऐसा माना जाता है कि कश्मीर समस्या 1947 के बाद पनपी व विकसित हुई। जबकि वास्तव में इसकी शुरूआत जम्मू-कश्मीर के महाराजा गुलाबसिंह के दरबार में 'आंग्रेज रेजिमेंट' की नियुक्ति के साथ ही हो गई थी। किंतु अंग्रेज नाकाम रहे। इसी समय दुर्भाग्य से कश्मीर के गिलगिट क्षेत्र के राजा रणवीर सिंह का देहांत हो गया। अंग्रेजों ने शोक में डूबे राज-परिवार की इस कमजोरी को एक अवसर माना और सक्रियता बढ़ा दी। दरअसल अंग्रेजों ने 1885 में ही यह योजना बना ली थी कि किसी भी तरह जम्मू-कश्मीर के दुर्गम व सुरक्षित क्षेत्र गिलगिट व बाल्टिस्तान पर कब्जा करना है। जिससे अमेरिका की सैन्य गतिविधियों के लिए एक सुरक्षित स्थान मिल सके। अमेरिका इसे सोवियत संघ पर शिकंजा कसने की दृष्टि से उपयुक्त क्षेत्र मान रहा था। लिहाजा अंग्रेजों ने षड्यंत्रपूर्वक इस क्षेत्र को 'गिलगिट एजेंसी' नाम देकर 1889 में अपने कब्जे में ले लिया। इसके अधीनता में आते ही सिंधू नदी के पूर्व और रावी नदी के पश्चिम तट तक समूचे पर्वतीय भू-भाग पर अंग्रेजों का नियंत्रण हो गया। इस समय गिलगिट में प्रतापसिंह राजा रणवीर सिंह के उत्तराधिकारी के रूप में शासक थे। प्रतापसिंह अंग्रेजों की साजिश का शिकार हो गए। गुलाब सिंह की मृत्यु के बाद हरिसिंह जब राजा बने तो 1925 में उनकी आंखें खुलीं और गिलगिट की साजिश को समझा। तब हरिसिंह ने हिम्मत व सख्ती से काम लेते हुए अपनी सेना गिलगिट भेजकर अंग्रेजी सेना को गिलगिट छोड़ने को विवश कर दिया और यूनियन जैक उतारकर कश्मीरी झंडा किले पर फहरा दिया। यह अप्रत्याशित घटनाक्रम अंग्रेजों को एक शूल की तरह चुभता रहा। 1930 में जब स्वतंत्रता आंदोलन एक प्रखर राष्ट्रवाद के रूप में देशव्यापी हो गया तो इस राजनीतिक समस्या के हल के बहाने लंदन में गोलमेज सम्मेलन आहूत किया गया। भारतीय राजाओं के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में हरिसिंह ने इसमें हिस्सा लिया। यहां हरिसिंह ने गिलगिट बाल्टिस्तान समेत, संपूर्ण जम्मू-कश्मीर को 'संघीय राज्य' बना देने की पुरजोर पैरवी की। किंतु यह मांग अंग्रेजों की मंशा के अनुकूल नहीं थी, इसलिए सिरे से खारिज कर दी। यहां अंग्रेजों ने गिलगिट क्षेत्र से हरिसिंह द्वारा अंग्रेज सेना की बेदखली की गई थी, उसके प्रतिकार स्वरूप साजिश तो रची ही, औपनिवेशिक कूटनीति व भारत को विभाजित करने की मंशा को फलीफूत देखने के नजरिए से शेख अब्दुल्ला को महत्व देकर उसे कश्मीरी शासक के विरुद्ध उकसाना शुरू कर दिया। नतीजतन शेख ने अलगाववादी संगठन 'मुस्लिम कांफ्रेंस' की नींव डाल दी। इसी दौरान शेख की मुलाकात नेहरू से हुई, जो मित्रता में बदल गई। 1932 से ही शेख ने कश्मीर पर नाजायज कब्जे के लिए जंग छेड़ दी। इसके बाद से लेकर 1947 तक के कालखंड में 1942 की अगस्त क्रांति और दूसरे विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद जब फिरंगी हुकूमत के खिलाफ जबरदस्त असंतोष और सशस्त्र संघर्ष की घटनाएं आम हो गईं तो अंग्रेजों ने अनुभव किया कि अब भारत पर नियंत्रण संभव नहीं है, तब उन्होंने भारतीय रियासतों के विलीनीकरण के लिए धार्मिक व क्षेत्रीय उपराष्ट्रीयताओं को भी उकसाना शुरू कर दिया। फलत: शेख समेत अनेक हिंदू व मुस्लिम नरेशों में एक नए स्वतंत्र देश पर राज करने की मनोकमना अंगड़ाई लेने लगी। जबकि रियासतों का विलय भारतीय राष्ट्र को अखंड भारत का रूप देकर एक सशक्त व एकीकृत संविधान द्वारा संचालित राजनीतिक इकाई का निर्माण करना था। इसी समय शेख ने स्वतंत्र कश्मीर का सुल्तान बनने का सपना देखना शुरू कर दिया। मुस्लिम लीग तो जिन्ना के नेतृत्व में पहले से ही मुसलमानों के लिए पृथक मुस्लिम देश बनाने की मांग कर रही थी। 1946 में शेख ने हरिसिंह के विरुद्ध 'महाराजा कश्मीर छोड़ों आंदोलन' छेड़ दिया। 20 मई 1946 को शेख ने श्रीनगर की मस्जिदों का दुरुपयोग करते हुए सांप्रदायिक उन्माद फैलाने के ऐलान कराए। नतीजतन शेख की गिरफ्तारी हुई और उन्हें तीन साल की सजा सुनाई गई। इस गिरफ्तारी के बाद कश्मीर की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में थी। किंतु यह गिरफ्तारी नेहरू हो रास नहीं आई। नेहरू ने शेख की गिरफ्तारी को गलत ठहराते हुए दिल्ली के राजनीतिक हलकों में हरिसिंह को दोषी ठहराना शुरू कर दिया। नेहरू शेख को छुड़ाने के लिए इतने उतावले हो गए कि जब देश स्वतंत्रता संग्राम की निर्णायक लड़ाई लड़ रहा था, तब 19 जून 1946 को नेशनल ऐयरवेज के हवाई जहाज से लाहौर होकर रावलपिंडी पहुंचे और फिर रावलपिंडी से जीप द्वारा श्रीनगर पहुंच गए। यहां के कश्मीरी पंडितों ने नेहरू को समझाइश दी कि आपको गुमराह किया जा रहा है, महाराजा अपनी जगह सही हैं किंतु नेहरू को ये शब्द कानों में पिघले शीशे की तरह लगे। हरिसिंह ने नेहरू का कहना नहीं माना तो 'सत्याग्रह' की घोषणा कर दी। मित्रता के भुलावे में नेहरू द्वारा की गई यह भूल और शेख को छुड़ाने की जिद्द व जुनून कालांतर में ऐतिहासिक भूल साबित हुए। हरिसिंह ने कठोरता बरतते हुए नेहरू के हठ को सर्वथा नकार दिया और उन्हें हिरासत में लेकर कश्मीर की सीमा से बाहर का रास्ता दिखाकर रिहा कर दिया। नेहरू ने इस आचरण को नितांत अव्यावहारिक माना और हरिसिंह से बदला लेने का संकल्प ले लिया। इसलिए देश की 562 रियासतों को विलय करने का जो दायित्व पटेल बड़ी चतुराई से संभाल रहे थे, उसमें एक जम्मू-कश्मीर का दायित्व नेहरू ने जबरदस्ती अपने हाथ ले लिया। इसी कालखंड में 24 अगस्त 1946 को नेहरू के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बना दी गई। यह वह दौर था, जब पूरे भारत में सांप्रदायिक दंगों के साथ अनिश्चय, अविश्वास एवं अराजक वातावरण छाया हुआ था। इसी समय 20 फरवरी 1947 को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री क्लीमेंट एटली ने ऐतिहासिक घोषणा की, कि जून 1948 तक भारत को स्वतंत्र कर दिया जाएगा। इस घोषणा के परिणाम की जिम्मेबारी एडमिरल लुइस माउंटबेटन को सौंपी गई। 24 मार्च 1947 को वायसराय के रूप में माउंटबेटन ने भारत के प्रशासनिक दायित्व अपने हाथ में ले लिए। माउंटबेटन ने अलग-अलग गोपनीय मुलाकतें लीगी व कांग्रेसी नेताओं से करके भारत विभाजन का संकल्प गांधी के विरोध के बावजूद ले लिया। अंततोगत्वा 4 जुलाई 1947 को ब्रिटेन की संसद के दोनों सदनों में 'भारतीय स्वतंत्रता विधेयक-1947' पेश कर दिया, जो मत-विभाजन से पारित हो गया। 18 जुलाई 1947 को ब्रितानी हुकूमत ने अनुमोदन भी कर दिया। इसी विधेयक के तहत भारत को धर्म के आधार पर दो स्वतंत्र औपनिवेशिक राज्यों में बांट दिया गया। इसी अनिश्चितता के दौर में 22 अक्टूबर 1947 को शेख की शह पर पाक फौज जीपों व ट्रकों पर सवार होकर कश्मीर में चढ़ी चली आई। इस संकट से मुक्ति के लिए हरिसिंह विवश हुए और उन्होंने 26 अक्टूबर 1947 को विलय-पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए। इसके बाद 27 अक्टूबर 1947 को कबिलाइयों को बेदखल करने के लिए हवाईजहाज से सेना भेज दी गई। भारतीय सैनिकों ने कबिलाईयों को खदेड़ दिया, किंतु दुर्गम क्षेत्र होने के कारण मुजफ्फराबाद का पीओके, गिलगिट व बाल्टिस्तान क्षेत्र पाक के कब्जे में बना रहा। इस परिप्रेक्ष्य में नेहरू जल्दबाजी में युद्ध विराम तो किया ही, संयुक्त राष्ट्र संघ भी चले गए। संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद् ने इसे विवादित क्षेत्र घोषित कर दिया। परिणामस्वरूप युद्धविराम तो हो गया, लेकिन कश्मीर की शासन व्यवस्था को लेकर नेहरू, हरिसिंह और शेख के बीच 'दिल्ली समझौता' हुआ। इस समझौते के आधार पर ही नेहरू ने शेख के सुपुर्द जम्मू-कश्मीर की कमान सौंप दी। इसके बाद कश्मीर को विशेष दर्जा देने के लिए 370 का अनुच्छेद पटेल और अंबेडकर के विरोध के बावजूद जोड़ दिए गए, जो अलगाव की दरार मोटी करते चले गए। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्रबोध के चलते अनुच्छेद-370 खत्म कर दिया गया है, लेकिन अभी गुलाम कश्मीर से पाकिस्तान का अवैध कब्जा हटाया जाना शेष है। इस परिप्रेक्ष्य में पीओके से विस्थापित एक व्यक्ति को नामित करने का विधान महत्वपूर्ण है।

**प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# नौ दिवसीय भागवत कथा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न







मुम्बई (उद ब्यूरो)। देवभूमि लोक कला उदगम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विगत वर्ष के भांति इस वर्ष भी मुंबई में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से कई जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा में मदद की गयी। 5 दिनों के लिए समस्त जाति धर्म के लोगों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं रक्तदान शिविर फोर्टीज हॉस्पिटल एवं इंद्रावती हॉस्पिटल की तरफ से आयोजित किया गया जिसके माध्यम से कई जरूरतमंदों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच, रक्तदान शिविर एवं योगा व मेडिटेशन पतंजली की तरफ से आयोजन कर समाजहित में कार्य किया। धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन कर माँ भगवती नंदादेवी की डोली के दर्शन के साथ भागवत कथा एवं भजनों के माध्यम से सैकड़ों लोगों को मानसिक शांति पहुंचाने का कार्य देवभूमि ट्रस्ट द्वारा किया गया। श्रीमद् देवी भागवत कथा के व्यासजी विपिन कृष्णा कांडपाजी एवं ग्रुप ने हरिद्वार से मुंबई पधारकर समस्त भक्तगणों को अपने कथा वाचन एवं भजनों से मंत्रमुग्ध कर दिया। नौ दिवसीय सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से देवभूमि ट्रस्ट ने 9 दिनों तक सुबह से रात तक महाभंडारे का आयोजन कर कई लोगों की थाली तक अन्न पहुंचाने का कार्य किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आप सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ट्रस्टी एवं संस्थापक दिवान सिंह राम सिंह सौंन, श्रीमती दीपा दिवान सौंन, योगेंद्र बिष्ट, श्रीमती गायत्री बिष्ट चिलवाल, श्रीमती नीलम शर्मा, दिलवर रावत, विक्रमसिंह रामसिंह सौंन, श्रीमती नलिनी बहादुर मेहता, श्रीमती सुनीता जोशी के साथ समस्त देवभूमि लोक कला उदगम आर्टिस्ट वेल्फेयर एसोसिएशन टीम के साथ समस्त उत्तराखंडी समाज, उत्तरभारतीय भोजपुरी समाज, पंजाबी सिख समाज, राजस्थानी मारवाड़ी जैन समाज, महाराष्ट्रीयन एवं दक्षिण भारतीय समाज के लोग शामिल रहे।





# जवाहर नगर और शांतिपुरी में क्षेत्र के विधायक ने जन समस्याएं सुनी

पंतनगर (उद संवाददाता)। ग्राम जवाहर नगर और शांतिपुरी के क्षेत्र के तिलक राज बेहड़ ने ग्रामीणों से जनसंपर्क किया साथ में उनकी समस्याएं सुनी। ग्राम जवाहर नगर, शांतिपुरी नंबर एक और शांतिपुरी नंबर दो पंचायत भवन में क्षेत्र के विधायक के द्वारा जन समस्या सुनी गई ग्रामीणों ने क्षेत्र के विधायक के सामने ग्राम जवाहरनगर में पानी की निकासी की समस्या ग्रामीणों के द्वारा रखी गई। तेज बारिश होने पर लोगों के घरों में भी पानी घुसने का डर सता रहा है क्षेत्र के कई गली, मोहल्लों में बनी नालियां पूरी तरह से कूड़ा करकट से पट चुकी है। पानी निकासी की सही व्यवस्था ना होने से नाली का पानी लोगों के घरों के सामने ही जमा हुआ रहता है अब भी समय रहते नालियों की सफाई सही तरीके से नहीं की गई तो ऐसी स्थिति में लोगों के घरों में नाली



का पानी घूसने लगेगा तब लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है वही गायत्री विहार की रश्मि कांडपाल, शांति, पुष्पा, जीना ने मोहल्ले की रोड की समस्या से अवगत कराया डांगरीकरण या सीसी रोड बनाने की मांग की। वही गौरव अधिकारी के द्वारा जवाहरनगर में खेल क्लब के लिए बजट दिलाने के लिए क्षेत्र के विधायक को ज्ञापन किया। वहीं क्षेत्र में लोग निर्माण विभाग और राजस्व विभाग के द्वारा अतिक्रमण तोड़े जा रहे के बारे में सरकार से शायद दिलाने के आवेदन किया। यहां पर मोहन पांडे, लालमन शर्मा, हरीश पाठक, हेम नेगी, दीपक भट्ट, बहादुर अधिकारी, विनोद कोरंगा, बिशन कोरंगा, कैलाश जोशी, बबलू जोशी आदि।

# पुलिस ने गिरफ्तार किये दो गैंगस्टर

किच्छा(उद संवाददाता)। सक्रिय अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष पुलभट्टा ने टीम के साथ कुख्यात गौ तस्कर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त सलील अहमद उर्फ मुल्ला पुत्र सद्दीक कुरैशी निवासी वार्ड न020 इन्द्रानगर सिरौलीकला ,अकील अहमद पुत्र सद्दीक कुरैशी निवासी वार्ड न020 इन्द्रानगर सिरौलीकला को चिन्हित कर उनके विरूद्ध गैग चार्ट



बनाकर रिपोर्ट जिला मजिस्ट्रेट को प्रेषित की। जिला मजिस्ट्रेट के अनुमोदन के उपरान्त दोनों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज किया गया। जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक किच्छा सुन्दरम शर्मा द्वारा की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक किच्छा द्वारा थानाध्यक्ष पुलभट्टा को अभियुक्त सलील व अकील उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु 55 द0प्र0 स0 का नोटिस दिया था। उक्त नोटिस के अनुपालन मे थानाध्यक्ष पुलभट्टा ने सलील अहमद व अकील अहमद को स्लाटर हाउस किच्छा से गिरफ्तार कर लिया।

# पेज एक का शेष...

**निवेश का हब ..** नई तकदीर लिखेगा। सम्मेलन में प्रदेश सरकार के सात मंत्रियों के अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, त्रिवेंद्र सिंह रावत, विजय बहुगुणा, तीरथ सिंह रावत, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण, टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी, अल्मोड़ा के सांसद अजय टम्टा, पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, पार्टी विधायक खजानदास, विनोद चमोली, मुन्ना सिंह चौहान, सहदेव पुंडीर, पार्टी प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी समेत कई अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

**भारतीय सेना को मिले...** के बाद पीपिंग सेरेमनी आयोजित की गई। इसके बाद देश और विदेश के 372 कैडेट्स अफसर बनकर अपनी सेनाओं की मुख्य धारा में जुड़ गए। इनमें 343 अफसर भारतीय सेना को मिले। आईएमए की स्थापना के बाद से अब तक यहां से 65234 देशी एवं विदेशी कैडेट्स पास आउट हो चुके हैं। वहीं, आईएमए के नाम अब तक 2914 विदेशी कैडेट्स को ट्रेनिंग देने का गौरव जुड़ गया है। इस बार उत्तर प्रदेश के बाद उत्तराखंड दूसरे स्थान पर है। इस बार भी उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा कैडेट्स देने वाला राज्य बना है। उत्तर प्रदेश के 68 कैडेट्स पासआउट होकर अफसर बने हैं जबकि, उत्तराखंड से 42 कैडेट्स ने पासआउट किया है। पिछली बार 20 राज्यों के कैडेट पीओपी में शामिल थे, लेकिन इस बार 27 राज्यों के कैडेट पीओपी में भाग लिया।

**चीनी मिल शुरू नही...**है। समाचार लिखे जाने तक क्षेत्रीय विधायक धरने पर डटे थे। मिल प्रबंधन तंत्र की तरफ से कोई भी वार्ता के लिए नहीं पहुंचा। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, गुलशन सिंधी, नगर निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कुमार कोली ,दलजीत सिंह ,जगदीप सिंह हंसपाल ,अशोक मित्र, दिलीप सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश, पप्पू ,नितिन शर्मा, ताहिर मलिक, और एन यू खान किसान अनवर किशनलाल ,नवी जान महेंद्र, बंटी पापनेजा, जीवन जोशी, गौरव बेहड़ ,संतोष ठाकुर ,छोटेलाल, टीटू शर्मा, खालिद इकबाल, मिस्वाल कुरैशी, जगरूप सिंह, गोल्डी , नासिर कुरेशी,ओम प्रकाश दुआ , अक्षय बाबा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के रमेश तिवारी उर्फ गुड्डू भैया धर्मेंद्र सिंह सिंधी पूर्व बिलासपुर मेजर सिंह ठाकुर अभय सिंह उर्फ रामबाबू नासिर खान सुनीता कश्यप ललिता देवी, अख्तर राजा बंटी पपनेजा सहित तमाम लोग मौजूद थे

**प्लाट बेचने के ...**प्लाट का बैनामा रायबल्लभ मिश्रा के नाम पर किया गया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि इस बारे में जब उसने परमजीत से बातचीत करने का प्रयास किया तो उसने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। इस मामले में पुलिस नहीं आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**स्कूल में भड़की...**कारण माना जा रहा है वही सुबह-सुबह इस घटना की खबर मिलने के बाद ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया, अभिभावकों में भी अपने बच्चों के प्रति चिंता होने लगी, लेकिन सभी बच्चों को सुरक्षित स्कूल पहुंचा दिया गया। जिसके बाद अभिभावकों ने राहत की सांस ली।

**चाकू के साथ...**से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। उसका कहना था कि वह आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने मो. आसिफ को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया ।

**जमीन के सौदे...**नहीं दिया है। जब वह खेत पर जाता है तो भूमि विक्रेता खेत पर पानी भर देता है और उसके लड़के राइफल ले आ जाते है और हमे अपने खेत से भगा देते है। अब बयाने के बीस लाख रूपये देने से मना कर जान से मार देने की धमकी दे रहा है।

# सूर्यमुखी कॉलेज का बीएड परिणाम घोषित

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।केशव सूर्यमुखी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के छात्रों का प्रदर्शन संतोषजनक रहा। कुमाँऊ विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा सत्र 2021-23 बी० एड० चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परीणाम घोषित किया गया है जिसमें महाविद्यालय स्तर पर 80.29 प्रतिशत तअंक के साथ प्रथम स्थान पर प्रियंका रॉय रही। पिंकी भट्ट ने 79.82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और हिमांशी जोशी ने 78.41 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# व्यापारी से मोबाईल झपटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दुकान बंद कर घर वापस लौट रहे व्यापारी से अज्ञात उचक्कों ने मार्ग में मारपीट कर मोबाईल झपटा लिया और फरार हो गए। जानकारी के अनुसार गत रात्रि रम्पुरा निवासी विशाल पुत्र योगेंद्र दुकान बंद कर घर जा रहा था। मार्ग में नगर निगम कार्यालय के पास मछली बाजार के आगे कुछ चार लोगों ने उसे घेर लिया और उससे मारपीट कर उसका मोबाईल झपटकर भाग गए।

# ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर निकाला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पांच लाख रुपए और दहेज मांग पूरी न होने पर ससुरालियों द्वारा विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि उसकी शादी 28.11.2022 को सम्पन्न हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही उसका पति, ससुर, सास, जेठ, जेठानी, देवर दहेज में पाँच लाख रूपये नगद की मांग करने लगे तथा मांग पूरी न करने पर मारपीट कर मानसिक व शारीरिक यातनाऐं देने लगे। पति उत्तर प्रदेश में कांस्टेबिल के पद पर कार्यरत है कहता है कि तू मेरा कुछ नहीं बिगाढ़ सकती है। 24.07.2023 को पति ने दहेज की मांग को लेकर उसे लात घूसो से बुरी तरह जमीन पर गिराकर मारापीट की जिसमें उसे चोट आयी। अपनी जान बचाने के लिये 112 नम्बर पर फोन करके पुलिस को बुलाया और अपनी जान बचाई।21.10.2023 को दोपहर अपनी ससुराल गई तभी ससुरालियों ने मारपीट कर यह कह कर धक्के देकर घर से निकाल दिया कि जब तब हमारी दहेज की मांग पांच लाख रूपये अपने माता पिता से नही लायेगी तुझे अपने घर में नहीं रखेगें। तब से वह अपने मायके में ही रह रही है।

# आवास विकास से बाईक चोरी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोर आवास विकास क्षेत्र से मोटर साईकिल चोरी कर ले गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में सुनहरा फार्म किच्छा निवासी इन्द्रजीत सिंह पुत्र लखविन्दर सिंह ने कहा है कि गत 4 दिसम्बर को वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एएच1210 पर सवार होकर आवास विकास में स्थित फाईनेंस कम्पनी के कार्यालय गया था। मोटरसाईकिल कार्यालय के बाहर लॉक लगाकर खड़ी कर दी। कुंछ देर बाद जब वह बाहर आया तो उसकी बाईक मौके से नदारद थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी बाईक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# जिला स्तरीय खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों ने दिखाया दम







रूद्रपुर (उद संवाददाता)। युवा कल्याण एवं प्रा०र०द० विभाग के तत्वाधान में खेल महाकुम्भ 2023 के अन्तर्गत जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मनोज सरकार स्पोर्टस स्टेडियम रुद्रपुर में किया गया। जिसमें विभिन्न विकास खण्डों से विजेता प्रतिभागियों द्वारा एथलेटिक्स, बैडमिन्टन एवं टेबिल टेनिस अण्डर-14, 17 एवं 19 (बालक वर्ग) द्वारा प्रतिभाग किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि अशोक कुमार जोशी, अपर जिला अधिकारी (वित्त/राजस्व) की अध्यक्षता में किया गया। प्रतियोगिता में श्री गुरूनानक बालिका इण्टर कालेज, रूद्रपुर की छात्राओं द्वारा बैण्ड की शानदार प्रस्तुती की गयी साथ ही आ० ना० झा० राजकीय इण्टर कालेज, रूद्रपुर के एन०सी०सी० छात्रों द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी दी गयी। इसमें श्री सनातन धर्म कन्या इण्टर कालेज रूद्रपुर की छात्राओं द्वारा शानदार स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि द्वारा गुब्बारे छोड़कर तथा खेल मशाल जलाकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को लगन तथा अनुशासन में रहकर खेलने हेतु प्रेरित किया। इसमें मुख्य अतिथि के समक्ष 800 मीटर दौड़ अण्डर-17 (बालक वर्ग) का शुभार शुभारम्भ किया गया तथा पुरुस्कार वितरण भी किया गया। जिला युवा कल्याण एवं प्रा०र०द० अधिकारी श्री भूपेन्द्र सिंह रावत द्वारा खेलकूद कार्यकमों की जानकारी दी गयी तथा सभी का आभार प्रकट किया। प्रतियोगिता में उपस्थित सभी अतिथियों को बैच लगार व टोपी पहनाकर कार्यकम की सदस्यता भी ग्रहण कराई गई।खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत अण्डर-14 (बालक वर्ग) 60 मीटर दौड़ - प्रथम-नितिन आर्या (रूद्रपुर), द्वितीय-शिवम कुमार (जसपुर), तृतीय-हिमांशु पाल (काशीपुर) 600 मीटर दौड़ में प्रथम-हिमांशु पाल (काशीपुर), द्वितीय-उज्जवल भट्ट (खटीमा). तृतीय-राजू (बाजपुर)। लम्बी कूद में प्रथम-नितिन आर्या (रुद्रपुर), द्वितीय-अभिषेक (सितारगंज), तृतीय-दिव्यांशु (खटीमा)। टैबिल टेनिस में एकल वर्ग-प्रथम-बासु चावला (रुद्रपुर). द्वितीय श्लोक (काशीपुर) तृतीय-संचित (गदरपुर) युगल वर्ग-प्रथम-कनिष्क सलूजा एवं आरव अरोरा (रुद्रपुर)। द्वितीय-मानव सिंह (गदरपुर) एवं तुषार कुमार आर्या (काशीपुर) तृतीय- सोनू पोखरिया एवं भावेश सिंह (खटीमा)। अण्डर-17 (बालक वर्ग) 100 मीटर दौड़ - प्रथम निष्कर्ष भटेजा (गदरपुर), द्वितीय- राजू सरोज (बाजपुर), तृतीय-मनीष विश्वास (सितारगंज)। 200 मीटर में दौड़ प्रथम- अंशु कुमार (रूद्रपुर), द्वितीय तृतीय- मनीष विश्वास (सितारगंज) विशाल सैनी (जसपुर), 800 मीटर दौड़ में प्रथम धीरज सिंह (रुद्रपुर), द्वितीय तृतीय- पंकज कुमार (बाजपुर) विनित कुमार (जसपुर),1500 मीटर दौड में प्रथम धीरज सिंह (रुद्रपुर), द्वितीय- सक्षम प्रताप (काशीपुर), तृतीय- राम बाबू (खटीमा),लम्बी कूद में प्रथम- राजू सरोज (बाजपुर), द्वितीय- विनय राणा (सितारगंज), तृतीय- निष्कर्ष भटेजा (गदरपुर) गोला फेंक में प्रथम- वेदाना कन्याल (खटीमा), द्वितीय- हर्ष चौहान (जसपुर), तृतीय- राणा सरोज (बाजपुर) अण्डर-19 (बालक वर्ग) 100 मीटर दौड़-प्रथम रोहन सिंह (खटीमा), द्वितीय चेतन सिंह (गदरपुर), तृतीय-गौ० समीर (जसपुर), 200 मीटर दौड़ में प्रथम रोहन सिंह (खटीमा), द्वितीय- बिट्टू राजपूत (बाजपुर), 800 मीटर दौड़ तृतीय तरंग गिरी (जसपुर) - प्रथम मनदीप कुमार (रुद्रपुर), द्वितीय-तुषार चौहान (जसपुर), तृतीय- मनोज (बाजपुर) 1500 मीटर दौड़ - प्रथम- सौरभ रावत (रुद्रपुर), द्वितीय-सूरजपाल (बाजपुर),तृतीय- अंश प्रजापति (काशीपुर) लम्बी कूद में प्रथम- चेतन सिंह (गदरपुर), द्वितीय-मौ० समीर (जसपुर),गोला फेंक में तृतीय- अनुज कुमार (काशीपुर) प्रथम - विशाल सिंह (बाजपुर), द्वितीय-सुमित मेहता (रुद्रपुर) तृतीय-योगेश कुमार (जसपुर) रहे। कार्यक्रम में डी०एस० राजपूत, मुख्य शिक्षा अधिकारी भी उपस्थित रहे। मंच का संचालन हरीश दनाई, धीरज पान्डेय एवं संजीव बुधौरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर निर्णायक लक्ष्मण सिंह टाकुली, राजेन्द्र सिंह भाकुनी, दिनेश कुमार, कमल सक्सेना, बृजेश दूबे, अवतार सिंह, राजेन्द्र सिंह बिष्ट, अशोक चौहान, संतोष कुमार टम्टा आदि थे एवं इस अवसर पर इमरान खान, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, खटीमा, विकान्त चौधरी क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा०र०द० अधिकारी, काशीपुर, अमित कुमार सैनी, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा०र०द० अधिकारी, जसपुर, हनुमान सिंह भण्डारी (व्यायाम प्रशिक्षक), राजेन्द्र लाल वर्मा (कार्यालय सहायक), सुरेश आर्या (कम्पयूटर ऑपरेटर), केवल सिंह (कम्पयूटर ऑपरेटर) पी०आर०डी० स्वंयसेवक राजेश, कमलेश, अंगद कुमार, रविन्द्र प्रसाद, बसन्त सिंह, लाल बहादुर आदि उपस्थित रहे। पुरूस्कार वितरण का कार्य भूपेन्द्र सिंह रावत, जिला युवा कल्याण एवं प्रा०र०द० अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यकम में भूपेन्द्र सिंह रावत, जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी, द्वारा प्रतिभागियों में आये सभी खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।




## सितारगंज-शक्तिफार्म में गोट वैली की 60 यूनिट स्थापित




रुद्रपुर। सितारगंज-शक्तिफार्म बेल्ट में शुरू हुई तराई की पहली गोट वैली में 107 में से 60 यूनिट स्थापित हो गई हैं। पशुपालन विभाग की ओर से पांच-पांच बकरियां खरीदने के लिए 99 पशुपालकों को 30 हजार रुपये का ऋण दे दिया गया है। अन्य 10 बकरियां व एक बकरा पशुपालन विभाग 90 प्रतिशत अनुदान में पशुपालकों को दे रहा है। तराई की पहली गोट वैली की स्थापना के बाद सितारगंज-शक्तिफार्म बेल्ट को बकरियों का क्लस्टर बना दिया जाएगा। इसके बाद पशुपालक बकरियों के मीट का कारोबार बड़े स्तर पर कर सकेंगे। अगर पशुपालकों को मीट और दूध बेचने में कोई दिक्कत आएगी तो पशुपालन विभाग इसका विपणन खुद करेगा। विभाग की ओर से गोट वैली में ऐसे पशुपालकों को शामिल किया गया है जो पहले से ही बकरी पालन करते हैं। करीब 20 बकरियों की एक यूनिट के हिसाब से आने वाले समय में 107 यूनिट लगाई जाएंगी।

## स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।आपरेशन प्रहार के अन्तर्गत सितारगंज पुलिस ने एक व्यक्ति 6.72 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। गुरुवार को उपनिरीक्षक जगदीश चन्द्र तिवारी साथी पुलिस बल के साथ गश्त पर थे इसी दौरान सूखी नदी पुल सिडकुल शक्तिफार्म सितारगंज क्षेत्र से सुखविन्दर सिंह उर्फ सुखदेव सिंह पुत्र गुरदीप सिंह निवासी ग्राम पहसैनी थाना नानकमत्ता को गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से 6.72 ग्राम स्मैक बरामद किया गया ।



सुखविन्दर के विरूद्ध थाना सितारगंज में संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया।

## एनसीसी 'रैंक सेरेमनी' आयोजित

बाजपुर(उद संवाददाता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में एनसीसी द्वारा 'रैंक सेरेमनी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि और प्राचार्य डॉ. केके पांडे ने सीनियर डिवीजन में असप्रीत सिंह को सीनियर अंडर ऑफिसर, मोहम्मद बिलाल को अंडर ऑफिसर, सीनियर विंग में सोनम को सीनियर अंडर ऑफिसर और खुशी सुंदरियाल को अंडर ऑफिसर की रैंक लगाई। प्राचार्य ने अपने संबोधन में मूल्य और आत्मानुशासन की बात करते हुए सभी को शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. मनप्रीत सिंह, एनसीसी 78 यूके बीएन एनसीसी हवलदार प्रशिक्षक चंद्रशेखर और समिति के सदस्य डॉ. अनिल सैनी, डॉ. बीके जोशी, डॉ. पूजा रानी, डॉ. संगीता, डॉ. जय सिंह, गणित विभागाध्यक्ष डॉ. सूरजपाल सिंह और एनसीसी सहायक हरीश बुंगला उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए ज्ञानदीप का चयन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। दशम राष्ट्रीय स्तर क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में न्यू ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल से धावक योगेश कुमार का 100 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ । जोकि लखनऊ में दिनांक 16 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 23 तक आयोजित होगी। योगेश कुमार ने यह साबित कर दिया कि लक्ष्य कितना भी बड़ा हो लेकिन कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है। योगेश कुमार न्याय पंचायत स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के सफर के लिए दिन-रात मेहनत किया कोच सच्चिदानंद ने यह लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर वह मुकाम हासिल किया जो करना चाहिए था। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्रीमती- नीतू बिष्ट व प्रधानाचार्य कुंदन सिंह कुंजवाल तथा कोच- सच्चिदानंद व पूरे विद्यालय परिवार ने इनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।



